**फा.सं. 8/2/2017 प.1(ख) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निम्नलिखित कोर्सों में प्रवेश हेतु 19 नवम्बर, 2017 को सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा आयोजित की जाएगी।**

**कोर्स का नाम तथा रिक्तियों की संभावित संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| **(1)** | **भारतीय सैनिक अकादमी, देहरादून, जुलाई, 2018 में प्रारंभ होने वाला 145 वां कोर्स [एनसीसी 'सी' (सेना स्कंध) प्रमाण-पत्र प्राप्त उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 13 रिक्तियां सम्मिलित हैं।]** | **100** |
| **(2)** | **भारतीय नौसेना अकादमी, इझीमाला, जुलाई, 2018 में प्रारंभ होने वाला कार्यपालक कोर्स (सामान्य सेवा) [एनसीसी 'सी' प्रमाण-पत्र धारकों (नौसेना स्कंध) के लिए 6 आरक्षित रिक्तियां शामिल हैं।]** | **45** |
| **(3)** | **वायु सेना अकादमी, हैदराबाद, अगस्त, 2018 में प्रारंभ होने वाले उड़ान पूर्व प्रशिक्षण कोर्स अर्थात नं. 204 एफ(पी) कोर्स** | **32** |
| **(4)** | **अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई 108वां एसएससी कोर्स (पुरूषों के लिए) (एनटी) (अक्तूबर, 2018 में आरंभ)** | **225 (जिसमें 50 रिक्तियां, एनसीसी 'सी' प्रमाण-पत्र धारकों हेतु एनसीसी विशेष प्रवेश के लिए निर्धारित हैं)** |
| **(5)** | **अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई 22वां एसएससी महिला (गैर तकनीकी) कोर्स (अक्तूबर, 2018 में आरंभ)** | **12** |

**टिप्पणी : (i) आयोग यदि चाहे तो उपर्युक्त परीक्षा की तारीख में परिवर्तन कर सकता है।**

**टिप्पणी : (ii) उपरोक्त रिक्तियां अनुमानित हैं तथा सेवा मुख्यालय द्वारा किसी भी समय बदली जा सकती हैं।**

**ध्यान दें : (I)(क) उम्मीदवार से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह आवेदन प्रपत्र से संबंधित कॉलम में यह स्पष्ट उल्लेख करें कि वह सेवाओं को अपने वरीयता क्रम में किस-किस पर विचार किए जाने के इच्छुक हैं, उन्हें यह भी परामर्श दिया जाता है कि वह नीचे पैरा (ख) एवं (ग) में बताई गई शर्तों के अनुसार जितनी वरीयता के इच्छुक हों उन सभी का उल्लेख करें, ताकि योग्यताक्रम में उनके रैंक को देखते हुए नियुक्ति करते समय उनकी वरीयताओं पर यथोचित विचार किया जा सके।**

(iii) अपने स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति को प्रस्तुत करना, या

(iv) जाली प्रलेख या फेर-बदल किए गए प्रलेख प्रस्तुत करना, या

(v) अशुद्ध या असत्य वक्तव्य देना या महत्वपूर्ण सूचना को छिपा कर रखना, या

(vi) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित या अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करना, या

(vii) परीक्षा के समय अनुचित तरीके अपनाना, या

(viii) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखना जो अश्लील भाषा या अभद्र आशय की हों, या

(ix) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करना, या

(x) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करना या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाना, या

(xi) परीक्षा के दौरान मोबाइल/फोन/पेजर/ब्लूटूथ या किसी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रानिक उपकरण या यंत्र अथवा संचार यंत्र के रूप में प्रयोग किए जा सकने वाला कोई अन्य उपकरण प्रयोग करते हुए या अपने पास रखे पाया गया हो, या

(xii) उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ जारी किसी अनुदेश का उल्लंघन करना, या

(xiii) ऊपर खंडों में उल्लिखित सभी या किसी कदाचार को करने की कोशिश करना या करने के लिए उकसाना,

तो उन पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उनके साथ ही उसे :

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है अथवा

(ख) उसे अस्थाई रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए:

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए।

(2) केन्द्र सरकार द्वारा उसके अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) अगर वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरूद्ध उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

किंतु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :

## परिशिष्ट - IV

### सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा के लिए उम्मीदवारों के शारीरिक मानकों संबंधी दिशा-निर्देश

**टिप्पणी : उम्मीदवारों को निर्धारित मानकों के अनुसार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। स्वस्थता संबंधी मानक और तत्संबंधी दिशा-निर्देश नीचे दिए गए हैं। बहुत से अर्हता प्राप्त उम्मीदवार बाद में स्वास्थ्य के आधार पर अस्वीकृत कर दिए जाते हैं। अत: उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम अवस्था पर निराशा से बचने के लिए आवेदन प्रपत्र भेजने से पहले अपने स्वास्थ्य की जांच करा लें।**

**नोट : केवल हाथ के भीतर की तरफ अर्थात् कुहनी के भीतर से कलाई तक और हथेली के ऊपरी भाग/हाथ के पिछले हिस्से की तरफ शरीर पर स्थायी टैटू की अनुमति है। शरीर के किसी अन्य हिस्से पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और उम्मीदवार को आगे के चयन से विवर्जित कर दिया जाएगा। जनजातियों को उनके मौजूदा रीति रिवाजों एवं परंपरा के अनुसार मामला दर मामला के आधार पर उनके चेहरे या शरीर पर टैटू के निशान की अनुमति होगी।**

1. **सेवा चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार को सेना के चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षा करानी होगी। महिला उम्मीदवारों का पुरुष/महिला चिकित्सकों/विशेषज्ञों/स्त्री रोग विशेषज्ञों से गठित एक चिकित्सक बोर्ड द्वारा चिकित्सीय परीक्षण किया जाएगा। एक महिला चिकित्सक बोर्ड की सदस्या होगी। अकादमी या प्रशिक्षणालय में केवल उन्हीं उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाएगा जो चिकित्सा बोर्ड द्वारा स्वस्थ घोषित कर दिए जाते हैं। तथापि, जो उम्मीदवार अनुपयुक्त/अयोग्य घोषित किए जाएंगे उन्हें मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा सूचित किया जाएगा और अपील मेडिकल बोर्ड को अनुरोध किए जाने की प्रक्रिया भी उम्मीदवार को सूचित की जाएगी ।**
   **अनुपयुक्त/अयोग्य उम्मीदवार अपील मेडिकल बोर्ड के (ए.एम.बी.) को आवेदन कर सकते हैं, जिसे सेवा मेडिकल बोर्ड (एस.एम.बी.) के 42 दिनों के भीतर ही पूरा किया जाना है तथा वे अपील मेडिकल बोर्ड के एक दिन पूरा होने के भीतर ही रिव्यू मेडिकल बोर्ड के लिए अनुरोध कर सकते हैं।**
   **एएमबी द्वारा अयोग्य घोषित किए उम्मीदवारों को ए.एम.बी. की जांच परिणाम को चुनौती देने की प्रक्रिया के संबंध में एएमबी अध्यक्ष द्वारा सूचित किया जाएगा कि पुनरीक्षण चिकित्सा बोर्ड (आर.एम.बी.) का आयोजन, मामले के गुणावगुण के आधार पर डी.जी.ए.एफ.एम.एस. के विवेक से स्वीकृत किया जाएगा तथा पुनरीक्षण चिकित्सा बोर्ड का आयोजन अधिकार का विषय नहीं है। यदि अभ्यर्थी आर.एम.बी. में प्रार्थना करना चाहता है तो उसे डी.जी.आर.टी.जी. (सीडीएसई)**

आर्मी हैड-क्वा., वेस्ट ब्लॉक-III, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066 और डीएमएस (एमबी)/डी.जी.एम.एस. (वायु), वायु सेना मुख्यालय, आर.के. पुरम, यदि उम्मीदवार वायु सेना का हो, को संबोधित करना चाहिए तथा इसकी एक प्रति ए.एम.बी. अध्यक्ष को हस्तांरित करनी चाहिए। डी.जी.ए.एफ.एम.एस. का ऑफिस, तिथि एवं स्थान (केवल दिल्ली एवं पुणे), जहां अभ्यर्थी आर.एम.बी. के लिए प्रस्तुत होगा, को सूचित करेगा। उम्मीदवारों के लिए नीचे संक्षिप्त रूप में दिए गए निर्धारित शारीरिक मानकों के अनुसार स्वस्थ होना आवश्यक है।

(क) उम्मीदवार का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक होना चाहिए तथा उन्हें ऐसी बीमारी/अशक्तता से मुक्त होना चाहिए जिससे उनके कुशलतापूर्वक कार्य करने में बाधा पड़ सकती हो।

(ख) उनमें कमजोर शारीरिक गठन, दैहिक दोष की स्थूलता नहीं होनी चाहिए।

(ग) पुरूषों के लिए कद कम से कम 157.5 सेंमी. (नौसेना के लिए 157 सेंमी तथा वायु सेना के लिए 162.5 सेंमी.) का हो। महिलाओं के लिए कद कम से कम 152 सेंमी हो। गोरखा और भारत के उत्तर पूर्व के पर्वतीय प्रदेशों, गढ़वाल तथा कुमायूं के व्यक्तियों का 5 सेंमी. कम कद स्वीकार्य होगा। लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम कद में 2 सेंमी. की कमी भी स्वीकार्य की जा सकती है। यह छूट नौसेना और वायु सेना के मामले में लागू नहीं होगी। थल सेना और नौसेना के लिए कद और वजन मानक नीचे दिए जाते हैं।

**कद और वजन के मानक (पुरुष)**

| सेंटीमीटरों में कद (बिना जूता) | वजन किलोग्राम में | | |
|---|---|---|---|
| | 18 वर्ष | 20 वर्ष | 22 वर्ष |
| 152 | 44* | 46 | 47 |
| 155 | 46 | 48@ | 49 |
| 157 | 47 | 49 | 50 |
| 160 | 48 | 50 | 51 |
| 162 | 50 | 52 | 53 |
| 165 | 52 | 53 | 55 |
| 168 | 53 | 55 | 57 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 158 | 45 | 46 | 48 |
| 160 | 46 | 47 | 49 |
| 163 | 47 | 49 | 51 |
| 165 | 49 | 51 | 53 |
| 168 | 50 | 52 | 54 |

**वायु सेना के उम्मीदवारों के स्वीकार्य वजन नीचे दिए औसत वजन का ± 10 प्रतिशत होगा।**

**पुरूषों के विभिन्न आयुवर्ग और कद के लिए किलोग्राम में आदर्श वजन सामान्य व्यक्तियों के लिए वसा प्रतिशत (< 20)**

**वायु सेना के लिए**

| कद | आयु रेंज | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि.मी.में | 15-17 | 18-22 | 23-27 | 28-32 | 33-37 | 38-42 | 43-47 | >48 |
| 1520 | 46 | 47 | 50 | 54 | 54 | 54 | 55 | 54 |
| 1530 | 47 | 47 | 51 | 55 | 55 | 54 | 56 | 54 |
| 1540 | 47 | 48 | 51 | 56 | 55 | 55 | 57 | 55 |
| 1550 | 48 | 49 | 52 | 56 | 56 | 56 | 57 | 56 |
| 1560 | 48 | 49 | 53 | 57 | 57 | 56 | 58 | 56 |
| 1570 | 49 | 50 | 54 | 58 | 58 | 57 | 58 | 57 |
| 1580 | 49 | 50 | 54 | 58 | 58 | 58 | 59 | 58 |
| 1590 | 50 | 51 | 55 | 59 | 59 | 59 | 60 | 58 |
| 1600 | 51 | 52 | 56 | 59 | 60 | 59 | 60 | 59 |
| 1610 | 51 | 52 | 56 | 60 | 60 | 60 | 61 | 60 |
| 1620 | 52 | 53 | 57 | 61 | 61 | 61 | 62 | 60 |
| 1630 | 52 | 54 | 58 | 61 | 62 | 61 | 62 | 61 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1640 | 53 | 54 | 59 | 62 | 63 | 62 | 63 | 62 |
| 1650 | 53 | 55 | 59 | 63 | 63 | 63 | 64 | 62 |
| 1660 | 54 | 56 | 60 | 63 | 64 | 64 | 64 | 63 |
| 1670 | 54 | 56 | 61 | 64 | 65 | 64 | 65 | 64 |
| 1680 | 55 | 57 | 61 | 65 | 65 | 65 | 65 | 65 |
| 1690 | 55 | 57 | 62 | 65 | 66 | 66 | 66 | 65 |
| 1700 | 56 | 58 | 63 | 66 | 67 | 67 | 67 | 66 |
| 1710 | 56 | 59 | 64 | 66 | 68 | 67 | 67 | 67 |
| 1720 | 57 | 59 | 64 | 67 | 68 | 66 | 68 | 67 |
| 1730 | 58 | 60 | 65 | 68 | 69 | 69 | 69 | 68 |
| 1740 | 58 | 61 | 66 | 68 | 70 | 69 | 69 | 69 |
| 1750 | 59 | 61 | 66 | 69 | 71 | 70 | 70 | 69 |
| 1760 | 59 | 62 | 67 | 70 | 71 | 71 | 71 | 70 |
| 1770 | 60 | 62 | 68 | 70 | 72 | 72 | 71 | 71 |
| 1780 | 60 | 63 | 69 | 71 | 73 | 72 | 72 | 71 |
| 1790 | 61 | 64 | 69 | 72 | 73 | 73 | 73 | 72 |
| 1800 | 61 | 64 | 70 | 72 | 74 | 74 | 73 | 73 |
| 1810 | 62 | 65 | 71 | 73 | 75 | 75 | 74 | 73 |
| 1820 | 62 | 66 | 72 | 74 | 76 | 75 | 74 | 74 |
| 1830 | 63 | 66 | 72 | 74 | 76 | 76 | 75 | 75 |
| 1840 | 64 | 67 | 73 | 75 | 77 | 77 | 76 | 75 |
| 1850 | 64 | 68 | 74 | 75 | 78 | 77 | 76 | 76 |

जाएगा।

(ट) इंगुइनल हर्निया - इंगुइनल हर्निया (बिना ऑपरेशन किया हुआ)(अनऑपरेटेड) अस्वीकृति का कारण बन सकता है। जिन उम्मीदवारों का हर्निया का ऑपरेशन हुआ है, उन्हें चिकित्सा आधार पर फिट घोषित किया जा सकता है, बशर्ते:

(i) ऑपरेशन के बाद एक वर्ष का समय व्यतीत हो चुका हो। इस संबंध में उम्मीदवार को दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

(ii) पेट की मांसपेशियों (एब्डोमिनल मस्कूलेचर) की सामान्य स्थिति (जनरल टोन) उत्तम हो।

(iii) ऑपरेशन के जख्म का निशान(सर्जिकल स्कार) भली-भांति भर चुका हो और इसमें कोई छिद्रादि (गेपिंग) न हो।

(iv) हर्निया दोबारा न हुआ हो और न ही इससे जुड़े ऑपरेशन के कारण कोई अन्य चिकित्सा संबंधी परेशानी उत्पन्न हुई हो।

(ठ) हाइड्रोसिल, बेरिकोसिल या पाइल्स का रोग नहीं होना चाहिए।

(ड) मूत्र की परीक्षा की जाएगी और यदि इसमें कोई असमानता मिलती है तो इस पर उम्मीदवार अस्वीकृत हो जाएगा।

(ढ) चर्म का ऐसा रोग जिससे अशक्तता अथवा विकृति होने की संभावना है तो उससे भी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी।

(ण) पुरूष उम्मीदवारों के लिए, दीर्घ दृष्टि (सही की गई दृष्टि) बेहतर दृष्टि 6/6 और खराब दृष्टि 6/18 न्यूनतम स्वीकार्य दृश्य तीक्ष्णता हैं। (चश्मे के बिना वायु सेना के लिए केवल) दृष्टिवैषम्य सहित निकट दृष्टिदोष -3.5 डी से अधिक नहीं और प्रकट दीर्घ दृष्टि +3.5 डी से अधिक नहीं होना चाहिए। महिला उम्मीदवारों के लिए दीर्घ दृष्टि (सही की गई दृष्टि) बेहतर दृष्टि 6/6 और खराब दृष्टि 6/18 न्यूनतम स्वीकार्य दृश्य तीक्ष्णता हैं। दृष्टिवैषम्य सहित निकट दृष्टिकोण -5.5 डी से अधिक नहीं होना चाहिए। दृष्टिवैषम्य सहित प्रकट दीर्घ दृष्टि +3.5 डी से अधिक नहीं होनी चाहिए। आंख के किसी प्रकार के रोग का पता लगाने के लिए नेत्रदर्शक (आफ्थैल्मोस्कोप) के माध्यम से नेत्रों की आंतरिक जांच की जाएगी। उम्मीदवार की द्विनेत्री दृष्टि अच्छी होनी चाहिए। सेना के लिए रंग दृष्टि मानक सीपी-II होगा। उम्मीदवार को लाल और हरे रंग की पहचान करने में सक्षम होना चाहिए।

(त) नौसेना के लिए दृष्टि मानक :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बिना चश्मे के असंशोधित | 6/12 |
| (ख) | चश्मे के साथ संशोधित | 6/6 |
| (ग) | निकट दृष्टि की सीमा | -1.5 |
| (घ) | दूरदृष्टि की सीमा | +1.5 |
| (ड.) | दूरबीन दृष्टि | III |
| (च) | वर्ण बोध की सीमा | I |

(थ) महिला उम्मीदवारों के एसएसबी में चयन के पश्चात् या प्रशिक्षण के दौरान, यदि किसी भी स्तर पर गर्भावस्था पाई जाती है तो उन्हें कमीशन की मंजूरी से वंचित कर दिया जाएगा तथा ओटीए में सम्मिलित होने की तारीख से सेना चिकित्सालय प्राधिकारियों द्वारा गर्भावस्था की पुष्टि होने पर वर्जन की तारीख तक किए गए खर्च की वसूली की जाएगी।

रेडियल केरोटोटोमी तथा लेसर सर्जरी : जिन उम्मीदवारों ने दृष्टि तीक्ष्णता में सुधार करने के लिए रेडियल केरोटोटोमी करवाई हो या जिनके पास से इसे करवाने का प्रमाण मिलेगा, उन्हें स्थायी तौर पर तीनों सेवाओं से बहिष्कृत कर दिया जाएगा।

पीआरके/लेसिक का पता लगाने के लिए सेवा मेडिकल बोर्ड में ए-स्कैन बायोमीटर द्वारा सभी उम्मीदवारों की अक्षीय लंबाई मापी जाएगी।

जिन उम्मीदवारों ने अपवर्तन दोष (रिफरेक्टिव एरर) को ठीक करवाने के लिए लेसर सर्जरी करवाई हुई है यदि वे निम्नलिखत मानदंड पूरे करते हैं तो ही सेना में कमीशन के लिए उन पर विचार किया जाएगा।

(i) यदि आयु 20 वर्ष से अधिक हो।

(ii) प्रक्रिया के पश्चात छह महीने की अवधि के लिए स्थायी अपवर्तन सहित मायोपिया या हाईपरमेट्रोपिया के लिए की गई सरल स्थिर लेसिक (एलएएसआईके)/एक्साईमर (पीआरके) लेसर प्रक्रिया।

(iii) एक स्वस्थ रेटिना।

(iv) मायोपिया या हाइपरमेट्रोपिया के लिए किसी भी मेरिडियन में $\pm$1.50 अधिकतम अवशेष अपवर्तन सहित अच्छी आंख में 6/6 तथा खराब आंख में 6/9 की सही दृष्टि होनी चाहिए।

(v) अनुमत सीमा के अंदर अक्षीय लंबाई।

टिप्पणी : उम्मीदवारों को चिकित्सा परीक्षण के दौरान यह घोषणा करने को कहा जाएगा कि उसने उपर्युक्त लेसर प्रक्रिया करवाई है। नेत्र विशेषज्ञ द्वारा उसके रेटिना/कोर्निया का संपूर्ण मूल्यांकन किया जाएगा। यद्यपि सेवा मेडिकल बोर्ड द्वारा उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। तथापि जो उम्मीदवार उपर्युक्तानुसार स्वीकृत सीमाओं में पाए जाते हैं, उन्हें अपील मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होने को कहा जाएगा। अपील मेडिकल बोर्ड के समक्ष उसके कोर्निया तथा रेटिना का संपूर्ण मूल्यांकन तथा नेत्र विज्ञान में वरिष्ठ सलाहकार द्वारा रिकॉर्ड की जांच की जाएगी।

(द) उम्मीदवार के पर्याप्त संख्या में कुदरती व मजबूत दांत होने चाहिए। कम से कम 14 दांत बिंदु वाला उम्मीदवार स्वीकार्य है। जब 32 दांत होते हैं तब कुल 22 दांत बिंदु होते हैं। उम्मीदवार को तीव्र पायरिया रोग नहीं होना चाहिए।

(ध) छाती का एक्स-रे परीक्षा में ग्रेव प्रशुका की उपस्थिति हेतु ग्रेव मेरूदंड के निचले भाग की परीक्षा भी शामिल होगी। सेना चिकित्सा बोर्ड द्वारा जरूरी समझने पर मेरूदंड के अन्य भागों की एक्स-रे परीक्षा की जाएगी ।

(न) कोहनी की उठान का कोण पुरुषों और महिलाओं के लिए क्रमश: $15^{\circ}$ एवं $18^{\circ}$ से अधिक नहीं होना चाहिए।

2. केवल वायु सेना के उम्मीदवारों के लिए उपर्युक्त के साथ निम्नलिखित चिकित्सा मानक भी लागू होंगे ।

(क) वायु सेना के लिए स्वीकार्य मानव देह संबंधी माप निम्न प्रकार है :

| | | |
|---|---|---|
| कद | : | 162.5 सेंमी. |
| टांग की लंबाई | : | कम से कम 99 सेंमी. और अधिक से अधिक 120 सेंमी. |
| अरू की लंबाई | : | अधिक से अधिक 64 सेंमी. |
| बैठकर ऊंचाई | : | कम से कम 81.5 सेंमी. और अधिक से अधिक 96 सेंमी. |

(ख) छाती का एक्स-रे जरूरी है।

(ग) वायुसेना हेतु दृष्टि मानक

ऐनक पहनने के अभ्यस्त हो चुके उम्मीदवार वायु सेना हेतु पात्र नहीं हैं। न्यूनतम दूरदृष्टि एक आंख में 6/6 और दूसरी में 6/9, हाइपरमेट्रोपिया के

परीक्षण के समय, चयन हेतु निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है:

(कक) पीआरके/लेसिक सर्जरी, 20 वर्ष की आयु से पहले न हुई हो।

(कख) आईओएल मास्टर के माप के अनुसार, नेत्र की एक्सियल लंबाई 25.5 एमएम से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(कग) बिना किसी जटिलता के स्टेबल पीआरके/लेसिक करवाए कम से कम 12 महीने बीत चुके हों, और इस बीच किसी किस्म की कोई चिकित्सा संबंधी परेशानी (कॉम्प्लिकेशन) न हुई हो।

(कघ) पीआरके/लेसिक के बाद, कॉर्नियल पेकाईमीटर की माप के अनुसार, कॉर्निया की मोटाई 450 माइक्रॉन से कम नहीं होनी चाहिए।

(कड.) पीआरके/लेसिक से पहले उच्च रिफ्रैक्टिव एरर(>6डी) वाले उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया जाएगा।

(कच) वायु सेना से जुड़े किसी भी कार्य के प्रयोजनार्थ, रिफ्रैक्टिव एरर को दूर करने के लिए रेडियल केराटोटॉमी (आरके) और फोटो रिफ्रैक्टिव केराटोटॉमी (पीआरके) सर्जरी की अनुमति नहीं है। आईओएल इंप्लांट के साथ अथवा इसके बिना केटेरेक्ट सर्जरी करवाने वाले उम्मीदवारों को भी अनफिट घोषित कर दिया जाएगा।

द्विनेत्री दृष्टि - अच्छी द्विनेत्री दृष्टि होनी चाहिए।

(उत्तम विस्तार और गहराई सहित फ्यूजन और स्टीरियोप्सिस)

जिन उम्मीदवारों की लेसिक सर्जरी हो चुकी हो, उन्हें भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग शाखा में स्थायी कमीशन हेतु उपयुक्त नहीं माना गया है।

(घ) मानक

(i) वाक परीक्षण : प्रत्येक कान से 610 सेंमी से कानाफूसी सुनाई दे।

(ii) श्रव्यतामितिक : 250 एचजैड तथा 8000 एचजैड के बीच की आवर्तियों में व्यश्रिमत कमी 20 डीबी से अधिक न हो।

(ड.) रूटीन ईसीजी सामान्य सीमा में हो।

3) एक्स-रे जांच के उपरांत निम्नलिखित स्थितियों का पाया जाना थल सेना और नौ सेना में प्रवेश के लिए अपात्रता होगा :

(क) मेरूदंड का कणिकागुल्मीय रोग।

(ख) आर्थराइटिस/स्पोंडेलेसिस।

(ग) कॉब पद्धति से मापा गया 10° डिग्री से अधिक स्कोलिओसिस

(घ) मंद से अपेक्षाकृत अधिक कायफोसिस/लार्डोसिस।

(ड.) स्पोंडीलोसिथैसिस/स्पोंडिलेसिस।

(च) हर्निएटिड न्यूकलिय पलपोसस।

(छ) कशेरूका का सम्पीडन अस्थिभंग।

(ज) सेक्रेलाइजेशन रोग।

(झ) प्रदर्शनीय तंत्रिकीय या परिसंचरणीय अभाव के साथ ग्रेव पर्शुका।

(ञ) पद से अधिक स्तर पर स्कलिमोर्ल नोड की उपस्थिति।

(ट) शीर्ष घरानुकपाल (ऐंटलांटो-आकसीपोटल) तथा ऐटलांटो अक्षीय असंगतियां।

(ठ) अपूर्ण सेक्रेलाइजेशन एक पक्षीय अथवा द्विपक्षीय।

(ड) एसवी-1 तथा एलवी-5 से इतर स्वाईनाबाईफिडा।

(ढ) विशेषज्ञ द्वारा मानी गई कोई अन्य असामान्यता।

वायु सेना हेतु मेरूदंड की स्थिति

मेरू या सेक्रो इलियक संधि संबंधी रोग या चोट का पूर्व चिकित्सा वृत्त होने के कारण उन वास्तविक लक्षणों के साथ या बिना, जिनके कारण उम्मीदवार शारीरिक रूप से सक्रिय जीवन शैली सफल तरीके से न व्यतीत कर रहा हो, भारतीय वायुसेना में कमीशन हेतु निरस्तीकरण का मामला है। पूर्व में मेरू अस्थिभंग/भ्रंश कशेरूकी डिस्क तथा इन स्थितियों में हुई शल्य चिकित्सा भी निरस्तीकरण का आधार होगा। चिकित्सा परीक्षा के समय निम्नलिखित स्थितियों का पता लगने पर वायु सेना सेवा के लिए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जाएगा।

(क) मेरूदण्ड का कणिका गुल्मीय रोग

(ख) संधिशोध संरूप/कशेरूकासंधिग्रह

(i) रूमेटॉइड सन्धिशोध तथा संबद्ध विकार

(ii) संधि सायुज्यक कशेरूकासंधिशोध

(iii) अस्थिसंधि विकृति, कशेरूकासंधिग्रह तथा व्यपजनन संधि रोग

(iv) गैर संधि आमवात (यथा घूर्ण कफ की विक्षति, टेनिस कूर्पर, प्रत्यावर्ती कटिवेदना)

(v) एसएलई, त्वक्पेशी शोथ, बहुपेशीशोथ, वाहिकाशोथ सहित विविध विकार

(ग) कशेरूकाग्रसर्पण/स्पांडिलोलाइसिस/कशेरूकासंधिग्रह

(घ) कशेरूका का सम्पीड़न अस्थिभंग

(ड.) शुअरमैन्स रोग (कौमार कुब्जता)

(च) ग्रीवा मेरू की नैदानिक प्रतिबंधित गति से संबंध ग्रीवा अग्रकुब्जता की क्षति

(छ) स्पष्ट तंत्रिका विज्ञानी या परिसंचरण ह्रास सहित एकपार्श्वी/द्विपार्श्वी ग्रैव पर्शुका

(ज) कोब पद्धति द्वारा मापे जाने पर 15 डिग्री से अधिक पार्श्वकुब्जता

(झ) डीजेनरेटिव डिस्क रोग

(ञ) एक से अधिक स्तर पर श्मोर्ल नोड्स का पाया जाना

(ट) शीर्षधर-पश्चकपाल और शीर्षधर-अक्षक असंगतियां

(ठ) ग्रीवा, अभिपृष्ठ या कटि मेरूदण्ड में किसी भी स्तर पर अर्ध कशेरूका तथा/अथवा अपूर्ण अवरूद्ध (फ्यूज्ड) कशेरूका तथा ग्रीवा या अभिपृष्ठ मेरूदण्ड में एक से अधिक स्तर पर पूर्णतया अवरूद्ध कशेरूका

(ड) सभी स्तरों पर एकपार्श्वी त्रिकास्थिभवन या कटि कशेरूकाभवन (पूर्ण या अपूर्ण) तथा द्विपार्श्वी अपूर्ण त्रिकास्थिभवन या कटि कशेरूकाभवन

(ढ) विशेषज्ञ द्वारा विचार की गई कोई अन्य अपसामान्यता

4. नौसेना उड़ान (एविएशन) शाखा के उम्मीदवारों के लिए सर्वाधिक प्रभावित आंख में निकट दृष्टि दोष -0.75 डी तथा दोनों आखों में दूर दृष्टि दोष +1.5 डी की सीमा को छोड़कर शेष चिकित्सा मानक वायु सेना के समान ही होंगे।

5. किसी एक सेवा के लिए निर्धारित विशेष परीक्षण किए जाने के दौरान यदि अक्षमता का पता चलता है तो मेडिकल बोर्ड द्वारा अनर्हक ठहराए जाने की स्थिति में वह अक्षमता उम्मीदवार को अन्य सेवा (सेवाओं) के लिए भी अयोग्य ठहरा सकती है।

6. शारीरिक अवस्था : संभावित उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अधोउल्लिखित दिनचर्या का पालन करके स्वयं को अच्छी शारीरिक अवस्था में रखें:

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | धावन/दौड़ | : | 15 मिनट में 2 से 4 किमी |
| (ख) | रस्सी कूद | | |
| (ग) | पुश अप एवं सिट अप | : | प्रत्येक न्यूनतम 20 |
| (घ) | चिन अप | : | न्यूनतम 08 |
| (ड.) | रस्सी पर चढ़ना/आरोहण | : | 3 से 4 मीटर |

## परिशिष्ट - V

(सेवा आदि के संक्षिप्त विवरण नीचे दिए गए हैं।)

थल सेना अधिकारी व नौसेना और वायु सेना के समकक्ष रैंक के लिए वेतनमान :
* कृपया ध्यान दें कि नीचे दिए गए आंकड़े छठे केंद्रीय वेतन आयोग के वेतनमानों के अनुरूप हैं तथा भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम आदेशानुसार सातवें केंद्रीय वेतन आयोग द्वारा संस्तुत वेतन तथा भत्तों को लागू किए जाने के परिणामस्वरुप संशोधनाधीन हैं।

(i) वेतन

| (क) रैंक | पे बैंड (रूपए) |
|---|---|
| लेफ्टिनेंट से मेजर | 15,600-39,100/- रु. (पे बैंड-3) |
| लेफ्टिनेंट कर्नल से मेजर जनरल | 37,400-67,000/- रु. (पे बैंड-4) |
| लेफ्टिनेंट जनरल एचएजी मान | 67,000/- (वार्षिक वेतन वृद्धि@ 3%) - 79,000 |
| एचएजी मान* | 75,500/- (वार्षिक वेतन वृद्धि@ 3%) - 80,000/- |
| (*लेफ्टिनेंट जनरल के कुल संख्या के 1/3 पर लागू होगी।) | |

| | |
|---|---|
| वीसीओएएस/सेना कमांडर/लेफ्टिनेंट जनरल (एनएफएसजी) | 80,000/- (नियत) |
| सीओएएस | 90,000/- (नियत) |

(ख) वेतन के अतिरिक्त ग्रेड पे भी निम्नानुसार दी जाएगी :-

| | |
|---|---|
| लेफ्टिनेंट | 5,400/- |
| कैप्टन | 6,100/- |
| मेजर | 6,600/- |
| लेफ्टिनेंट कर्नल | 8,000/- |
| कर्नल | 8,700/- |
| ब्रिगेडियर | 8,900/- |
| मेजर जनरल | 10,000/- |

एवीएस समिति की अनुशंसाओं पर सेना के अधिकारी संवर्ग के पुनर्गठन के कारण पदोन्नति की अवधि कम कर दी गई है तथा समय वेतनमान पदोन्नति कर्नल (समकक्ष) के पद तक बढ़ा दी गई है तथा लेफ्ट. कर्नल (टीएस) (समकक्ष) ग्रेड वेतन रु. 8700/- प्रतिमाह के हकदार हैं।

(ग) लेफ्टिनेंट से ब्रिग्रेडियर तक के रैंक के अधिकारियों को सेना सेवा वेतन (एमएसपी) के रूप में 6000/- रु. प्रतिमाह की एक नियत धनराशि भी देय है।

(घ) कैडेट प्रशिक्षण हेतु वृत्तिका

सेवा अकादमियों में प्रशिक्षण के दौरान वजीफा(स्टाइपेंड): प्रशिक्षण की समस्त अवधि के दौरान, 21,000/- रु. प्रतिमाह (वेतन बैंड में 15,600/- रु. वेतन तथा 5,400/- ग्रेड वेतन) नियत वजीफे का भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने के पश्चात् वजीफे की राशि को सभी प्रयोजनों के लिए वेतन में परिवर्तित कर दिया जाएगा और देय भत्तों का भुगतान किया जाएगा।

(ii) योग्यता वेतन तथा अनुदान

अधिकारियों को उनकी योग्यता के आधार पर विशेष निर्धारित योग्यता होने पर 6000/- रु., 9000/- रु., 15000/- रु. या 20000/- रु. का एकमुश्त योग्यता अनुदान देय है।

सेना उड़ान कोर में कार्यरत सेना वायुयान चालकों (पायलटों) को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर नीचे दिए अनुसार योग्यता वेतन देय हैं:

(i) मास्टर उड़ान अनुदेशक, श्रेणी, 500/- रु. प्रतिमाह

(ii) वरिष्ठ उड़ान अनुदेशक, श्रेणी-I , 400/- रु. प्रतिमाह

(iii) वरिष्ठ उड़ान अनुदेशक, श्रेणी-II, 280/- रु. प्रतिमाह

(iv) मास्टर ग्रीन कार्ड धारक वायुयान चालक, 400/-रु. प्रतिमाह

(v) ग्रीन कार्ड धारक वायुयान चालक, 280/- रु. प्रतिमाह

सेना उड़ान कोर में कार्यरत सेना वायुयान चालकों (पायलटों) को नीचे दिए गए अनुसार उड़ान भत्ता देय है :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | ब्रिगेडियर तथा ऊपर | रु. 10,500/- |
| (ख) | मेजर से कर्नल | रु. 14,000/- |
| (ग) | कैप्टन और समकक्ष | रु. 11,000/- |
| (घ) | लेफ्टिनेंट और समकक्ष | रु. 9,000/- |

अन्य भत्ते :

(क) महंगाई भत्ता सिविल राजपत्रित अधिकारियों पर समय-समय पर लागू होने वाली समान दरों से और उन्हीं शर्तों के अधीन स्वीकार्य होगा।

(ख) रु. 400/- प्रतिमाह के दर से किट रखरखाव भत्ता।

(ग) तैनाती के क्षेत्र एवं रैंक के आधार पर कार्यस्थल क्षेत्रों में तैनात अधिकारी 6780/- रु. से 8400/- रु. प्रतिमाह की दर से प्रतिपूरक अति सक्रिय कार्यस्थल क्षेत्र भत्ता 4200/- रु., 5200/- रु. प्रतिमाह की दर से प्रतिपूरक कार्यस्थल क्षेत्र भत्ता तथा 1600/- रु. से 2000/- रु. प्रतिमाह की दर से प्रतिपूरक संशोधित कार्यस्थल क्षेत्र भत्ता के लिए पात्र होंगे।

(घ) प्रतिपूरक कार्यस्थल क्षेत्र भत्ते के अतिरिक्त अधिकारियों को 9000 फीट और उससे अधिक ऊंचाई पर स्थित क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों को 1060/- रु. प्रतिमाह से 11,200/- रु. प्रतिमाह तकनीकी रेंज में हाई एल्टीटूयूड भत्ते की पात्र होंगे, जो अधिकारी के रैंक और तैनाती के स्थान पर निर्भर

